15. शब्द-भंडार

हिंदी भाषा विभिन्न प्रकार के शब्दों से समृद्ध भाषा है। हिंदी का शब्द-भंडार बहुत विशाल है। इसमें देशी-विदेशी, क्षेत्रीय कई भाषाओं के शब्दों को स्थान मिला हुआ है।

शिक्षण-संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को हिंदी के शब्द-भंडार से परिचित कराएँ। छात्र इन शब्दों से परिचित हैं। उनसे हिंदी के शब्द भंडार के कुछ शब्दों को बताने को कहें।
- ❖ छात्रों को पृष्ठ 96-102 पर दिए पर्यायवाची विपरीतार्थक, एकार्थी, अनेकार्थी, समरूपी भिन्नार्थक, वाक्यांश के लिए एक शब्द तथा शब्द युग्मों के बारे में स्पष्ट रूप से बताएँ।
- ❖ शब्दों की तालिका में दिए शब्द छात्रों से ही पढ़वाएँ, अर्थ भी बताएँ। सभी को उच्चारण का समुचित अवसर दें।
- ❖ परिभाषाएँ भी याद करवाकर सुनी जा सकती हैं।